Date: October 30, 2019

GAURS
ur own world

गौड़ ग्रुप ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक को रोकने के लिए खोले बर्तन बैंक

देश में चल रही नो सिंगल यूज़ प्लास्टिक की पहल का समर्थन करते हुए गौड़ ग्रुप ने अपने कॉर्पोरेट ऑफिस, गौड़ बिज़ पार्क, इंदिरापुरम, गौड़ सिटी स्थित राधा कृष्ण मंदिर व गौर्स इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नॉएडा वेस्ट में आम लोगों के लिए बर्तन बैंक खोला है | इस मुहिम के तहत गौड़ ग्रुप ने अभी 3000 बर्तन दान किया है, जिसे आने वाले समय में और भी बढ़ाया जायेगा |

गौरतलब है कि बर्तन बैंक पहल के अंतर्गत दान किए हुए बर्तन शादी, पार्टी व अन्य अवसरों पर इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के बर्तनों के उपयोग को कम करने में सहायक होंगे | इस मुहिम का लाभ ना सिर्फ आस पास के लोग ले सकेंगे बल्कि दूर दराज के लोगो के साथ साथ पार्टी के आयोजक भी अपनी जरुरत के हिसाब से इन बर्तनों को मुफ्त में ले जा सकते है और इस्तेमाल होने के बाद साफ कर वापस बर्तन बैंक में जमा कर सकते है | इससे न केवल प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा बल्कि पैसे और वातावरण का बचाव भी होगा |

इस अवसर पर गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर श्रीमती मंजू गौड़ ने कहा 'इस वक़्त पूरा देश प्लास्टिक के बुरे प्रभाव को समझ रहा है और वातावरण को बचाने के लिए खासा सक्रिय भी है | हमने पार्टियों में भारी मात्रा में इस्तेमाल होने वाले सिंगल यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए बर्तन बैंक शुरू किया है | अभी हम 3000 बर्तन दान कर के इस मुहिम की शुरुआत कर रहे है और जल्द ही इसमें और हज़ारों बर्तनो का दान करेंगे |'